# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को लखनऊ में राष्ट्र नायकों को समर्पित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का करेंगे उद्घाटन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उद्घाटन समारोह की तैयारियों का लिया जायजा।
2. मुख्यमंत्री ने यूपी पीएसी के स्थापना दिवस समारोह–2025 का किया शुभारंभ : कहा– सुशासन की वजह से बढा प्रदेश में निवेश।
3. प्रदेश में घने कोहरे और ठंड को लेकर सड़कों से लेकर एक्सप्रेस–वे तक किए जाएंगे सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम : टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से दी जाएगी चेतावनी ओवरस्पीडिंग पर होगी सख्त कार्रवाई।

और

4. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेला जायेगा चौथा टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को लखनऊ में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन और समारोह स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रेरणा स्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन की भव्यता में किसी प्रकार की कमी न होने पाए। पेश है एक रिपोर्ट....

*आयोजन को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रुप दे रहा है। 65 एकड़ क्षेत्र में फैले इस राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण पर करीब 232 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65–65 फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन महान विभूतियों के जीवन और विचारों को संजोने के लिए परिसर में एक संग्रहालय भी बनाया गया है। लखनऊ से मुमताज अली के साथ समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी पीएसी के स्थापना दिवस समारोह–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 78 वर्ष से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख

कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन की वजह से प्रदेश में निवेश आ रहा है और प्रदेश विकसित हो रहा है । बाइट....

*आज मैं इस बात को कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश के अंदर जो आत्मविश्वास है, इस आत्मविश्वास के पीछे के प्रमुख कारणों में है कि प्रदेश में कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही हम सुशासन की गारंटी दे सकते हैं। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और यही प्रदेश के विकास की और नए उत्तर प्रदेश का राज यहीं से प्रारंभ होता है।*

———————————

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने आज अयोध्या में अयोध्या, देवी पाटन और प्रयागराज मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में तीनों मंडलों के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि 13 से 15 दिसंबर के बीच तीनों मंडलों में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए सपोर्टिव सुपरविजन के तहत विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों के जांच के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*तीनों मंडलों में जो काम हुआ है और जो काम हो रहा है, उसमें सुधार की गुंजाइश लगभग 700 से ज्यादा बिंदुओं पर हमने चेकिंग कराई है। इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी है। हमारे सब सेंटर भी है। पीएचसी भी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जिला अस्पताल भी है और जो विशेष अस्पताल है वह भी है।*

——————————

विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक–2025 कल लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। इससे कृषि क्षेत्र को लाभ पहुँचने की उम्मीद है। विधेयक में ग्रामीण परिवारों के लिए 125 दिनों के रोजगार की गारंटी का प्रस्ताव है, साथ ही फसलों के सीजन में कृषि कार्यों की सुरक्षा का भी प्रावधान है। योजना का प्रदेश के किसानों ने भी स्वागत किया है। जौनपुर के प्रधानसंघ के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने इसके लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद दिया। बाइट....

*मैं मोदी सरकार के इस नए विधेयक का समर्थन करता हूं और इससे गरीबों को लाभ होगा। मनरेगा का नाम बदल के जी राम जी कर दिया गया है। उससे लाभ क्या है? पहले 100 दिन मनरेगा में मिलता था काम करने के लिए अब 125 दिन मिलेगा। इससे हमारे गांव का विकास भी होगा और गरीबों का लाभ भी होगा।*

——————————

भारतीय रेल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि बटेश्वर हॉल्ट स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन का दर्जा दे दिया है। रेल मंत्रालय ने आगरा डिवीजन के बटेश्वर को डी–श्रेणी के हॉल्ट स्टेशन से बी–श्रेणी के क्रॉसिंग स्टेशन में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आज कानपुर नगर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मक्का उत्पादन में वृद्धि गोष्ठी एवं कार्यशाला में शामिल हुए। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री शाही ने कहा कि इस वर्ष मक्के के लिए 2400 रुपए एमएसपी निर्धारित की गई है। इससे किसानों को फायदा होगा । बाइट....

*इस साल मक्के की फसल के लिए ₹2400 प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित है जो लगभग गेहूं के बराबर ही है तो मक्के के भीतर कम परिश्रम और कम पानी के भीतर यह फसल किसान को मिल सकती है और इसके द्वारा बहुत सारे उद्योग धंधे खड़े होने के नाते उनका रॉ मटेरियल होने के नाते जो है किसान को एक बेहतर आमदनी मार्केट रेट इसका बेहतर मिल सकता है।*

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इण्टर मीडियट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तारीखें घोषित कर दी हैं। प्रयागराज में यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि दो चरणों में 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा, इसमें 10

मंडलों आगरा, सहारनपुर, बरेली ,लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़ में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। वहीं दूसरे चरण में 2 से 9 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षायें 8 मंडलों में होंगी।

——————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राजस्व लेखपाल के सात हजार 994 पदों पर भर्ती के लिये विज्ञापन जारी किया है। आवेदन प्रक्रिया 29 दिसम्बर से शुरू होगी। लिखित परीक्षा के लिये प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा–पेट के स्कोर के आधार पर कुल पदों के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थी शार्टलिस्ट किये जायेंगे। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार 18 से 40 साल तक के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। इसके लिये आयोग की वेबसाइड पर पेट के रजिस्ट्रेशन नम्बर से लॉग–इन करना होगा।

——————

प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से पहले चरण में प्रदेश की 11 हजार 350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जायेगी। योजना के तहत राजधानी लखनऊ समेत 35 जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है। पंचायती राज मंत्री ओ.पी. राजभर ने कहा कि "डिजिटल

**लाइब्रेरी की स्थापना से ग्रामीण युवाओं को अपने गांव में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।**

——————————

**प्रदेश भर में ठंड और घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट...**

*मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेस–वे तक सुरक्षा इंतजाम चाक–चौबंद रखे जाएं। इसके साथ ही, एक्सप्रेस–वे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24 घंटे, सातो दिन उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेतावनी देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और ओवरस्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिए कि निराश्रितों को रैन–बसेरों तक पहुंचाया जाए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है। पांचवां और आखिरी मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा।**

——————————

69वें राष्ट्रीय स्कूल खेल की एथलेटिक्स अंडर 17 चौंपियनशिप–2025 का आज लखनऊ में समापन हो गया। भारतीय हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय ने विजेता खिलाड़ियों और टीम को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ओवर आल चौंपियन केरल की टीम बनी जिसने 52 अंक अर्जित किये। उत्तर प्रदेश की टीम बालक वर्ग में 29 अंकों क साथ उप विजेता घोषित की गई।

————————